हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025




# दीक्षाभूमि क्षेत्र की सफाई में जुटी नगर निगम की मशीनरी

**> धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के बाद नगर निगम की सफाई व्यवस्था सराहनीय, 650 कर्मचारियों ने संभाला मोर्चा**

## चौबीसों घंटे सफाई व्यवस्था में जुटे कर्मचारी

**नागपुर.**





नागपुर में आयोजित 69वें धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस समारोह के सफल आयोजन के बाद अब नगर निगम की टीम पूरी मुस्तैदी से दीक्षाभूमि और आसपास के क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था में जुट गई है। लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बाद शहर में साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं को बनाए रखने के लिए नागपुर महानगरपालिका (एनएमसी) के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग ने मोर्चा संभाल लिया है।

नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के नेतृत्व और अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत, वैष्णवी बी, उपायुक्त राजेश भगत, मिलिंद मेश्राम और मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. गजेंद्र महल्ले के मार्गदर्शन में कार्य योजना तैयार की गई। दीक्षाभूमि क्षेत्र की सफाई और व्यवस्थाओं के लिए 650 सफाई कर्मचारी और 42 वाहन (छोटे-बड़े) तैनात किये गए।

**2 अक्टूबर के बाद सफाई कार्य और तेज :** मुख्य समारोह 2 अक्टूबर को संपन्न होने के बाद जैसे ही अनुयायियों की वापसी शुरू हुई, नगर निगम की सफाई टीम ने फुटपाथ, सड़कों, आश्रय स्थलों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया।

**प्रमुख स्थानों पर विशेष सफाई अभियान :** सफाई कार्य सिर्फ दीक्षाभूमि तक सीमित नहीं रहा, बल्कि माताकचेरी, शासकीय आईटीआई, सामाजिक न्याय भवन, कुर्वेज हाई स्कूल, अंबाझरी तालाब और कारागार क्षेत्र में भी व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए 200 कूड़ेदानों और शौचालयों की दिन-रात सफाई के लिए 4 सक्शन-कम-जेटिंग मशीनों का उपयोग किया गया।

**पेयजल और बस सेवा से मिली राहत :** श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दीक्षाभूमि के आसपास की सड़कों पर 120 नलों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई।

इसके अलावा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ड्रैगन पैलेस, आश्रय केंद्रों और दीक्षाभूमि तक आने-जाने के लिए विशेष बस सेवाएं चलाई गईं, जिससे यात्रियों को काफी राहत मिली।

**श्रद्धालुओं से मिली सराहना :** सफाई और व्यवस्था की गुणवत्ता को लेकर श्रद्धालुओं ने नगर निगम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा किये गए कार्यों से उनकी यात्रा न केवल सुखद रही, बल्कि यह व्यवस्था अन्य शहरों के लिए भी एक मिसाल बन सकती है।

### विशेष नियंत्रण कक्ष और गाइडेंस व्यवस्था

संपूर्ण व्यवस्था के नियंत्रण और समन्वय के लिए एक विशेष नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई थी। साथ ही, नगर निगम के कर्मचारी श्रद्धालुओं को उचित मार्गदर्शन भी दे रहे थे।



# जश्न-ए-गौस-ए-आज़म पर निकला शानदार जुलूस गौसिया

**नागपुर.**

मरकजी गौसिया कमेटी शहर नागपुर की जानिब से जश्ने ए सरकार सय्यदना गौस ए आजम रजीअन मौला के मौके पर बाबा मंसूर चौक गांजाखेत से एक शानदार जुलूस निकाला गया। जिसकी कयादत जानशीन ए सरकार ए कालपी सैयद ग़यासुद्दीन अहमद कादरी तिरमीजी साहब और सदारत सैयद मोहम्मद फैजुल्ला हुसैनी नोमानी मियां साहब क़िब्ला ने फरमाई. जुलूस का आगाज परचम कुशाई से किया गया जिसमें मुख्य रूप से कमेटी के अध्यक्ष सैयद परवेज़ रजवी, उपाध्यक्ष रुस्तम रजा, ट्रेजरर अ. अजीज ख्वाजा मुहम्मद आसिफ अच्छू भाई , कलीम अशरफ, जैनुल आबेदीन,अफजल शाह, शरीक जमाल, मंजूर अहमद ,रियाज बक्श , हाजी फिरोज , शहजाद नगीना, शाहिद, नूर अलम, मौलाना अंसार हाजी बब्बू, इकराम अंसारी, नईमुल्लाह, आमिर रजा, इंजमाम आदि प्रयासरत थे। जुलूस का स्वागत शहर में जगह जगह किया गया जुलूस का शहर का गश्त करता हुआ वापस मरकज बाबा मंसूर चौक गांजाखेत पहुंचा। पहुंचने के बाद सैयद गयासुद्दीन साहब क़िब्ला और दिगर उलमा इकराम का बयान हुआ फातिहा ख्वानी और सलातों सलाम के बाद लंगर तकसीम किया गया।

# सक्करदरा पुलिस ने वाहन चोर को किया गिरफ्तार, चोरी का दुपहिया बरामद

**नागपुर.**



सक्करदरा पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का दुपहिया वाहन बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नौशाद खान उर्फ शक्तिमान अमल खान (43), निवासी बड़ा ताजबाग के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 40,000 रुपये कीमत का दुपहिया वाहन (एमएच49/बीडी-1497) जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, करीब ढाई महीने पहले बड़ा ताजबाग निवासी शेख गुलाम ख्वाजा (46) का दुपहिया वाहन (एमएच 49/बीडी-1497) हैंडल लॉक होने के बावजूद घर के सामने से चोरी हो गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को शक्तिमान के बारे में जानकारी मिली। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल की और वाहन पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**स्वच्छता शपथ और प्रतीकात्मक दांडी मार्च के जरिए दिया स्वच्छता का संदेश**

**नागपुर.**

2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में नागपुर महानगरपालिका प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापुरुषों की प्रतिमाओं को महानगरपालिका मुख्यालय में आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने पुष्पहार अर्पित कर नमन किया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत, सहायक आयुक्त श्याम कापसे, राजकुमार मेश्राम, जनसंपर्क अधिकारी मनीष सोनी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**वेरायटी चौक पर भी हुआ माल्यार्पण, दिलाई स्वच्छता की शपथ :** डॉ. अभिजीत चौधरी ने वेरायटी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया और नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए 'स्वच्छोत्सव' की जानकारी साझा की गई। आयुक्त ने उपस्थितों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए सभी से स्वच्छ, हरित और प्लास्टिक मुक्त शहर के निर्माण में सहयोग की अपील की।

**नेहरू नगर जोन में छात्रों ने निकाली प्रतीकात्मक दांडी यात्रा :** नेहरू नगर जोन के अंतर्गत सहायक आयुक्त विकास रायबोले और स्वच्छता अधिकारी शशिकांत समुद्रे की उपस्थिति में ज्योतिबा प्राथमिक विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया और प्रतीकात्मक दांडी यात्रा निकालकर स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त समाज का संदेश दिया। कार्यक्रमों का उद्देश्य महापुरुषों की शिक्षाओं को आत्मसात करना और नागरिकों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करना रहा। महानगरपालिका प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि स्वच्छता अभियान को और मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए जनभागीदारी बेहद आवश्यक है।

# साढ़े चार साल की वरदा का इंसानियत भरा कदम

**> बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए सहयोग**





**नागपुर.**

केवल साढ़े चार साल की नन्हीं बच्ची वरदा ने अपने मासूम दिल और बड़े जज़्बे से समाज में मानवता की मिसाल पेश की है। नन्हीं वरदा ने अपनी गुल्लक में जमा की हुई बचत महाराष्ट्र के बाढ़ प्रभावित किसानों की मदद के लिए समर्पित की। वरदा ने स्वयं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर यह राशि उन्हें सौंपी और किसानों की सहायता करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने इस नेक कार्य की सराहना की और ट्विटर के माध्यम से इस प्रेरक घटना को साझा किया। उन्होंने लिखा कि वरदा का यह कदम समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है और यह दिखाता है कि उम्र सिर्फ संख्या है, इंसानियत की भावना का कोई माप नहीं होता। वरदा ने बताया कि उन्होंने और उनके भाई ने बाढ़ग्रस्त किसानों की कठिन परिस्थितियों को समझा और महसूस किया कि उनकी मदद करना नागरिकों की जिम्मेदारी है। नन्हीं बच्ची की मासूम आवाज़ में निकला वाक्य 'किसानों की मदद करना हमारी जिम्मेदारी है.' सभी के दिलों को छू गया। इस अवसर पर उनकी मां ने कहा,' बच्चों को अच्छे विचार और अच्छे कर्म सिखाना हमारा कर्तव्य है। वरदा ने जब यह इच्छा जताई, तो हमें गर्व और आश्चर्य, दोनों का अनुभव हुआ। बच्चों में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। वरदा का यह कदम केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि समाज में नैतिक शिक्षा और सहानुभूति का प्रतीक है। इस घटना ने यह संदेश दिया कि उम्र की कोई सीमा नहीं होती. छोटे बच्चे भी बड़े काम कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इस प्रकार, नन्हीं वरदा ने अपने छोटे-से कदम से एक बड़ा उदाहरण स्थापित किया और यह दिखाया कि मासूमियत और संवेदनशीलता मिलकर समाज के लिए प्रेरणा बन सकती हैं।

# जानकी नगर में बच्चों ने मनाई उत्साहपूर्वक विजयदशमी

**> रावण दहन कर दी अच्छाई की मिसाल**

**नागपुर.**



उदयनगर स्थित जानकी नगर में विजयदशमी के पावन अवसर पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकात्मक संदेश दिया। मोहल्ले के छोटे बच्चे पार्थ सतीश शहाणे, प्रथमेश लांजेवार, शौर्य संदीप सहारे और श्लोक ने मिलकर रावण का पुतला तैयार किया। इस रावण निर्माण में सतीश शहाणे ने बच्चों को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया। सतीश शहाणे के घर के सामने ही बच्चों ने रावण दहन कर दशहरा उत्सव मनाया। इस अवसर पर पड़ोसियोने ने बच्चों के इस रचनात्मक प्रयास की सराहना की और उन्हें शुभकामनाए दीं। बच्चों का यह छोटा सा प्रयास न सिर्फ उत्सव की खुशी का कारण बना, बल्कि समाज को यह भी याद दिलाया कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी हो, अंततः जीत सत्य और अच्छाई की ही होती है।

# अंतरराष्ट्रीय बौद्ध विचारों का केंद्र 'ड्रॅगन पॅलेस': मुख्यमंत्री

**नागपुर/ कामठी, सौमित्र नंदी**



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ड्रॅगन पॅलेस को सिर्फ एक महाविहार नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए बौद्ध दर्शन का प्रसार करने वाला एक अद्भुत केंद्र बताया है। उन्होंने कहा कि नागपुर को पहले ही दीक्षाभूमि के कारण अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है, और अब ड्रॅगन पॅलेस टेंपल का नाम भी उसी सूची में तेजस्विता के साथ जुड़ रहा है। मुख्यमंत्री फडणवीस 69वें धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर ड्रॅगन पॅलेस में आयोजित भव्य समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे और पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखाताई कुंभारे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने कहा, "धम्म केवल उपदेश नहीं है, बल्कि आचरण है।" पंचशील की शिक्षाओं को आत्मसात करके उन्हें जीवन में उतारना ही इस दिन का सच्चा स्मरण है। उन्होंने ॲड. सुलेखाताई कुंभारे के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यह पवित्र स्थान बुद्ध के धम्म को विश्व तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है, जो समाज के लिए गर्व की बात है।

**दो दिवसीय धम्मचक्र महोत्सव उत्साह के साथ संपन्न :** धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर आयोजित यह दो दिवसीय धम्मचक्र महोत्सव बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे और ॲड. सुलेखाताई कुंभारे द्वारा तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा को वंदन करने से हुई। भिक्षुसंघ के प्रमुखों की उपस्थिति में विशेष बुद्ध वंदना भी हुई। महोत्सव में महाराष्ट्र के साथ-साथ आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से लाखों अनुयायियों ने भाग लिया। 'सिर पर भोजन की गठरी (शिदोरी) और पीठ पर संघर्ष' लेकर आए इन अनुयायियों की अपार श्रद्धा से ड्रॅगन पॅलेस परिसर खचाखच भर गया।

**लाखों की भीड़, सामाजिक संगठनों और पुलिस का उत्तम समन्वय :** इस वर्ष ड्रॅगन पॅलेस टेंपल परिसर में पिछले वर्ष की तुलना में अभूतपूर्व भीड़ उमड़ी, जिसमें लगभग पाँच से सात लाख अनुयायियों ने अपनी हाजिरी लगाई। इतनी बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति के बावजूद कोई असुविधा न हो, इसके लिए अनेक सामाजिक संगठनों ने सक्रिय पहल की। इन संगठनों ने भोजनदान, पीने के पानी की व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, सूचना केंद्र आदि सुविधाएँ उपलब्ध कराकर अनुयायियों को संतोष का अनुभव दिया। पुलिस व्यवस्था ने भी इन सामाजिक प्रयासों का उत्तम साथ दिया। यातायात जाम को टालने, सुरक्षा की कड़ी सावधानी रखने और खोए हुए लोगों को ढूंढने जैसी विभिन्न जिम्मेदारियों को पुलिस ने अत्यंत सतर्कता से निभाया।

# 'स्वस्थ महिलाएं, सशक्त परिवार' अभियान को महिलाओं की सहज प्रतिक्रिया

**सेवा पखवाड़े के दौरान 66,468 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच**

**नागपुर.**



केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित विशेष राष्ट्रीय अभियान 'स्वस्थ महिलाएं, सशक्त परिवार' को नागपुर शहर में सहज प्रतिक्रिया मिली। 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक की अवधि के दौरान, शहर के 66,468 महिलाओं और पुरुषों ने नगर निगम के विभिन्न शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित शिविरों में स्वास्थ्य जांच कराई। 'स्वस्थ महिलाएं, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत, नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी और अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत के मार्गदर्शन और चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक सेलोकर के नेतृत्व में नगर निगम के 16 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इस अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को नागपुर शहर में नगर निगम के नंदनवन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से किया गया। इसके बाद शांति नगर, पारडी, मानेवाड़ा, भांडेवाड़ी, भालदारपुरा, कामगार नगर, कॉटन मार्केट, पांचपावली, कपिल नगर, फुटाला, के.टी. नगर, हिवरी नगर, आयुष, सोनेगांव जैसे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ये शिविर आयोजित किये गए। सभी स्थानों पर आयोजित शिविरों को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। विभिन्न स्थानों पर आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बहु-विशिष्ट विशेष शिविरों के साथ-साथ जांच शिविर भी आयोजित किए गए ताकि अधिक से अधिक महिलाएं और नागरिक शिविरों का लाभ उठा सकें।

इन शिविरों के लिए नगर निगम को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, एम्स नागपुर, एचसीजी कैंसर संस्थान, माधव नेत्रालय, एबीओ नेत्रालय, आईएमए नागपुर, फेडरेशन ऑफ इंडियन ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसाइटीज , कुष्ठ रोग विभाग, बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नागपुर, महात्म्य नेत्र चिकित्सालय, लता मंगेशकर चिकित्सालय, दत्ता मेघे चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल और अन्य अस्पतालों तथा विभिन्न ब्लड बैंकों से सहयोग मिला। शिविर में महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के कार्ड बनाए गए। रक्तदान शिविर, महिलाओं की उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच, मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच, जोखिमग्रस्त महिलाओं के लिए क्षय रोग की जांच, किशोरियों एवं महिलाओं के लिए एनीमिया (रक्त की कमी) की जांच एवं परामर्श, गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व देखभाल जांच एवं परामर्श, हीमोग्लोबिन जाँच आदि की गई। साथ ही, बच्चों की आवश्यकतानुसार पोषण एवं देखभाल एवं टीकाकरण पर परामर्श दिया गया।

इसके अलावा, दानशील व्यक्तियों, संस्थाओं एवं संगठनों को क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा क्षय रोग के विरुद्ध जन आंदोलन में उन्हें निक्षय मित्र बनाकर एवं सहभागिता प्रदान करके सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

मनपा के सभी दस जोन स्तर पर आयोजित इन शिविरों की सफलता के लिए नोडल अधिकारी, अतिरिक्त चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र बहिरवार, महिला नोडल अधिकारी, मातृ एवं शिशु देखभाल अधिकारी डॉ. सरला लाड ने शिविर नोडल अधिकारी डॉ. गोवर्धन नवखरे, डॉ. शिल्पा जिचकर, डॉ. अश्विनी निकम, डॉ. राजेश बुरे, डॉ. मिथुन खेरडे, डॉ. अश्विनी वाघे, अर्चना खाडे, दीपाली गणोरकर, ज्योति मानकर, प्रफुल्ल किन्हीकर, लोक स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ. शुभांगी कुंभारे, डॉ. चैती हटवार, डॉ. दिव्या बनकर के मार्गदर्शन में सभी जोनल चिकित्सा अधिकारी और संबंधित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारियों ने समन्वय से काम किया।

### शिविर के महत्वपूर्ण आंकड़े

मल्टीस्पेशलिटी विशेष शिविर – 258 + स्क्रीनिंग शिविर – 1781, कुल पंजीकरण – 66468, उच्च रक्तचाप जांच – 49364, मधुमेह जांच – 24346, मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच – 23053, गर्भवती महिलाओं की जांच – 3084, एनीमिया जांच – 5941, बाल टीकाकरण – 3271, क्षय रोग जांच – 5447, निक्षय मित्र पंजीकरण – 258, सिकल सेल जांच – 4266, सिकल सेल कार्ड वितरित – 310, विभिन्न रोगों पर परामर्श – 62894, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना/वय वंदन योजना कार्ड तैयार – 1706, कुल रक्त संग्रहण – 232.

# शहर के विभिन्न स्थानों पर 159 दुर्गा देवी प्रतिमाओं का शांतिपूर्वक विसर्जन

**नागपुर.** शक्ति की स्वरूपा दुर्गा देवी महोत्सव विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। 2 अक्टूबर तक नागपुर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित पर्यावरण-अनुकूल कृत्रिम तालाबों में 159 दुर्गा देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नगर निगम के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के कर्मचारियों ने इन कृत्रिम तालाबों में क्रेन की व्यवस्था की और विसर्जन में सहायता की। नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के निर्देशानुसार, नगर निगम की अपर आयुक्त वसुमना पंत के मार्गदर्शन में, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त राजेश भगत, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. गजेंद्र महल्ले और संबंधित जोन के सहायक आयुक्त ने दुर्गा देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था की है।



# नागपुर-अमरावती हाईवे स्थित औद्योगिक कंपनी में भीषण आग

> शॉर्ट सर्किट से हादसे की आशंका



**नागपुर/बाजारगांव.**

नागपुर-अमरावती राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बाजारगांव में शुक्रवार की देर रात एक भीषण हादसा हो गया। यहां पारकर नामक हॉज पाइप निर्माण कंपनी के संयंत्र विभाग में अचानक आग लग गई। यह घटना रात करीब 11:30 से 11:45 बजे के बीच घटी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में पूरे परिसर में दहशत का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कंपनी के कैपेसिटी चेक करने वाले संयंत्र विभाग में अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और पूरे विभाग को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री परिसर में मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी पुलिस व अग्निशमन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही कोंढाली पुलिस स्टेशन के अधिकारी व कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही स्थानीय फायर ब्रिगेड की टीम को भी सतर्क किया गया। चूंकि आग तेजी से फैल रही थी, इसलिए केवल कोंढाली की गाड़ियां पर्याप्त नहीं थीं। नतीजतन, नजदीकी क्षेत्रों से भी दमकल विभाग की गाड़ियों को बुलाया गया। कुछ ही समय में कई अग्निशमन दल मौके पर पहुंच गए और संयुक्त प्रयासों से लगभग तीन से चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि समय पर आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आसपास की इमारतों और औद्योगिक इकाइयों को भी बड़ा नुकसान हो सकता था। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने भी दमकलकर्मियों को सहयोग दिया, जिससे राहत कार्यों में गति आई।

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आग लगने की मुख्य वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है। हालांकि, पुलिस और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है। कंपनी के प्रबंधन ने भी अधिकारियों को आश्वासन दिया है कि वे जांच में पूरा सहयोग करेंगे और सुरक्षा मानकों की समीक्षा करेंगे।

गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, कंपनी के संयंत्र विभाग में भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। आग में मशीनें, तैयार माल और कच्चा माल जलकर खाक हो गया। फिलहाल नुकसान का सटीक आकलन किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र में आग की यह पहली बड़ी घटना नहीं है। इससे पहले भी छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं, लेकिन इस बार की आग सबसे भीषण मानी जा रही है। लोगों का मानना है कि औद्योगिक इकाइयों में विद्युत उपकरणों की नियमित जांच और सुरक्षा मानकों का पालन आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

घटना के बाद से आसपास के गांवों में भी भय और चिंता का माहौल है। कई लोग घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों को देख रहे थे। वहीं प्रशासन ने भी अपील की है कि नागरिक अफवाहों पर ध्यान न दें और धैर्य बनाए रखें।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच पूरी होने के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारण और नुकसान के आंकड़े स्पष्ट हो पाएंगे। फिलहाल, शॉर्ट सर्किट को आग का मुख्य कारण माना जा रहा है।


## वुशु राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रिआंती स्कूल छात्रों का चयन



**कामठी.** प्रिआंती इंग्लिश स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, तरोडी (बु) के छात्रों ने 30 सितंबर को वर्धा क्रीड़ा संकुल में आयोजित संभागीय वुशु चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए आगामी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। इन खिलाड़ियों का चयन अब औरंगाबाद में होने वाली राज्यस्तरीय वुशु प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्कूल के कुल पाँच छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिनमें 17 वर्ष से कम आयु के लड़को में वेदांत बालपांडे - 65 किलोग्राम भार वर्ग, तन्मय बर्डे - 65 किलोग्राम भार वर्ग, 19 वर्ष से कम आयु के लड़को में सारंग ठाकरे - 60 किलोग्राम भार वर्ग, रोहित बोकडे - 80 किलोग्राम भार वर्ग, राहुल पटेल - 90 किलोग्राम भार वर्ग शामिल हैं। इन सभी सफल खिलाड़ियों को स्कूल की प्राचार्या नंदा ठाकरे ने बधाई दी और उन्हें आगे के सफर के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर क्रीड़ा शिक्षक सौरभ बोरकर, सिद्धांत दानी और रोहन बारापात्रे उपस्थित थे, जिन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया। छात्रों की इस सफलता पर पूरे स्कूल और परिसर में खुशी का माहौल है। यह उम्मीद जताई जा रही है कि ये खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

## 'धम्मचक्र अनुवर्तन दिन' पर 'भोजन दान' व प्रबोधन कार्यक्रम

**भीलगांव/कामठी.**



प्रज्ञा मैत्री बौद्ध संघ, बुद्धनगरी, भीलगांव द्वारा धम्मचक्र अनुवर्तन दिन के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत दिन पर, सर्वप्रथम झंडा वंदन किया गया, जिसके बाद उपस्थित बौद्ध उपासक और उपासिकाओं को पूजनीय भदंत डॉ. बुद्धरत्न संबोधि महाथेरो, कामठी द्वारा त्रिशरण और पंचशील प्रदान किया गया।

इस अवसर पर समाज प्रबोधन के महत्व पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। प्राध्यापक बढ़गे सर, वासनिकजी, और स्वयं भदंत डॉ. बुद्धरत्न संबोधि महाथेरो ने बाबा साहब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन और उनके मिशन पर अपने अमूल्य विचार व्यक्त किए और समाज को दिशा दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'भोजन दान' रहा। दीक्षाभूमि से पधारे भारत भर के बौद्ध और अंबेडकर अनुयायियों को बुद्धनगरी नागलोक में भव्य भोजन दान दिया गया, जो मैत्री और करुणा के संदेश को दर्शाता है। इस सफल आयोजन के पीछे प्रज्ञा मैत्री बौद्ध संघ, नागलोक, बुद्धनगरी के समर्पित सदस्यों की कड़ी मेहनत रही। देवानंद भौतमांगे, ओमप्रकाश शेंडे, मंजूषा खोब्रागडे, सुबोध नाईसकर, मंगेश चौधरी, मनीषा डोळस, आरुष खोब्रागडे, प्रकाश भौतकर, अनुप टेंबरे, पिल्लेवान बाबूजी, अद्भुत डोलस, रामा रामटेके, चहांदे भाऊ, ममता बडगे, सपना रामटेके, वंदना शेंडे, मीना भौतमागे, रीता रामटेके, अस्मिता भसारकर, रंजना पाटील, सविता मेश्राम, सुनिता शंभरकर, अनुराधा वैद्य समेत समस्त बौद्ध उपासक और उपासिकाओं ने तन, मन और धन से सहयोग कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रज्ञा मैत्री बौद्ध संघ, नागलोक, बुद्धनगरी की ओर से सभी सहयोगियों को साधुवाद दिया गया।

## उमरेड में गांधी जयंती और धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**उमरेड.**

भारतीय जनता पार्टी उमरेड शहर, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और विभिन्न आघाड़ियों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती और सम्राट अशोक विजयादशमी के 69वें धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान महामानव भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को तहसील कार्यालय स्थित स्मारक पर पुष्पहार अर्पित कर विनम्र अभिवादन किया गया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनंदराव राऊत, पूर्व विधायक राजू पारवे, सुधीर पारवे, शहराध्यक्ष सतीश चौधरी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रामेश्वर सोनटक्के, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणुका कामडी, महामंत्री संजय चाचरकर, जिला उपाध्यक्ष डॉ. मुकेश मुदगल सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा गांधी द्वारा दिए गए सत्य, अहिंसा और सहिष्णुता के संदेश तथा सम्राट अशोक और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

## बाबासाहब आंबेडकर, महात्मा गांधी को निषाद पार्टी ने किया अभिवादन

**नागपुर.**



निषाद पार्टी विदर्भ ने भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर और महात्मा गांधी को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए सादर अभिवादन किया।

पार्टी के विदर्भ अध्यक्ष राहुल गौर के नेतृत्व में, नागपुर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष कला नायक, उपाध्यक्ष सीमा गौर, और निषाद युवा वाहिनी नागपुर जिला अध्यक्ष यजविंदर गौर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने इन महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। धम्मचक्र प्रवर्तन दिन के पावन अवसर पर, निषाद पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र अभिवादन किया।

इस दौरान, उन्होंने डॉ. आंबेडकर के राष्ट्र निर्माण और समाज में समानता लाने के असाधारण योगदान को याद किया और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इसी प्रकार, गांधी जयंती के उपलक्ष्य में, निषाद पार्टी विदर्भ के इन्हीं पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इस अवसर पर, उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले बापू के सिद्धांतों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राहुल गौर और उनके सहयोगी नेताओं ने इन आयोजनों के माध्यम से देश के इन दो महान नेताओं के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया, जिनके विचार और कार्य आज भी राष्ट्र और समाज को प्रेरणा प्रदान करते हैं।

## आर.के.एस. पब्लिक स्कूल में नन्हें बच्चों ने मनाया 'रास-गरबा'



**नागपुर.**

कमलादेवी खियानी बहुउद्देशीय संस्था द्वारा संचालित आर.के.एस. पब्लिक स्कूल (सीबीएसई) में स्कूल प्रमुख डॉ.राजकुमार खियानी के मार्गदर्शन से नवरात्र महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर रास-गरबा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल की शिक्षिकाओं के साथ-साथ नन्हें-मुन्हें बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में आकर, मीठी धुन पर थिरकते हुए, रास-गरबा की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति में भारतीय संस्कृति और त्योहार का उल्लास साफ झलक रहा था।

इस रंगारंग कार्यक्रम में संस्था की सचिव उषा राजकुमार खियानी, एवं दीपा साधवानी, प्राचार्या कीर्ति सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें आशीर्वाद दिया।

शिक्षकों का सराहनीय प्रयासछोटे बच्चों को नृत्य सिखाने और कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी शिक्षिका हेमा यादव और उनकी सहयोगी टीम का कठिन परिश्रम सराहनीय रहा। आकांक्षा फुलझेले, जयालक्ष्मी बरुकंटवार, और रोजन मिश्रा ने बच्चों को गरबा के स्टेप्स सिखाए और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराया। यह आयोजन बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ने और उनमें त्योहारों के प्रति प्रेम जगाने का एक सफल प्रयास रहा।

## महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

> धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर भी हुए कार्यक्रम

**सावनेर.**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सावनेर शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन जैस्वाल, सचिव दीपक बसवार, डोमासाव सावजी, मनोज बसवार, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष राजेश खंगारे, पूर्व नगरसेवक तेजसिंह सावजी, निलेश पटे, शफीक सैय्यद, दीपक कटारे, श्रीजय देशमुख, अश्विन कारोकार, चंदु कामदार, सैदु शेख समेत अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गांधी और शास्त्रीजी को श्रद्धापूर्वक नमन किया। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में शहर के मध्य स्थित गांधी पुतले पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विभिन्न संस्थाओं ने इस अवसर पर ग्राम स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर सहित कई सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपिता को स्मरण किया। वहीं शास्त्रीजी के जन्मदिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर "जय जवान-जय किसान" के नारे के साथ उनकी देश सेवा को याद किया गया। इसी अवसर पर धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर बस स्थानक स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर मानवंदना दी गई।

गणेश वाचनालय में भी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्ष अँड. चंद्रशेखर बरेठीया, पूर्व नगराध्यक्ष अँड. अरविंद लोधी, अँड. श्रीकांत पांडे, अँड. मनोज पुरे, रधुनंदन जामदार, राजपुते सर, डॉ. विजय धोटे, समाजसेवी मनोज बसवार, किशोर गुर्हारीकर सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने गांधी चौक स्थित गांधी पुतले पर माल्यार्पण कर "महात्मा गांधी अमर रहे, लालबहादुर शास्त्री अमर रहे" का जयघोष किया और धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस व विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

## पारशिवनी में धूमधाम से मनाया गया दशहरा, रावण दहन देखने उमड़ी भीड़



**पारशिवनी.**



बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व पारशिवनी में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरु माहुली बहुदेशीय संस्था द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी तकिया मारोती मंदिर परिसर में रावण दहन का आयोजन किया गया।

शाम ढलते ही हजारों की संख्या में शहरवासी और आसपास के ग्रामीण इस आयोजन को देखने पहुंचे। पौराणिक धार्मिक दृश्यों को दर्शाती आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।

वहीं आतिशबाजी से जगमगाते आसमान और रोशनाई से सजे प्रवेशद्वारों ने पूरे माहौल को उत्सवी रंगों से भर दिया। यह पर्व भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध और मां दुर्गा द्वारा महिषासुर मर्दन की याद दिलाता है, जो असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। गुरुवार शाम आयोजित रावण दहन के दौरान पारशिवनी पुलिस विभाग ने सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की थी। गुरु माहुली बहुदेशीय संस्था के सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पारशिवनी का यह दशहरा उत्सव न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक एकता और उत्सवधर्मिता का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

## कन्हान में 69वां धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस धूमधाम से मनाया गया

**कन्हान.**



गांधी चौक पर 69वें धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम से किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन सर्वधर्म समभाव संगठन के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता चंदन मेश्राम द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्हान पुलिस स्टेशन की पुलिस निरीक्षक वैजयंती मंडवधरे और उनकी टीम ने किया। जिन्होंने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और महात्मा गांधी जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में बुंदी का वितरण किया गया और महापुरुषों की जीवनी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। संचालन अशोक पाटील द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों से कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की और आयोजन स्थल का दौरा किया। इनमें प्रमुख रूप से नितिन मेश्राम, चिराल वैध, हरिष इंगोले, किशोर यादव सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों के पदाधिकारी शामिल थे। सभी ने मिलकर बाबासाहेब आंबेडकर के आदर्शों और धम्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की महत्ता पर ज़ोर दिया।

## वाड़ी में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को अभिवादन

**वाड़ी.**



डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के 69वें धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर वाड़ी में श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वाड़ी-अमरावती महामार्ग स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती उत्सव तथा स्मारक समिति की ओर से पुतला प्रांगण में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान पूर्व जि.प. सदस्य दिनेश बन्सोड, पूर्व नगरसेवक प्रमोद भवरे और दिनेश कोचे ने तथागत बुद्ध, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर तथा सम्राट अशोक की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके पश्चात पूर्व ग्रा. पं. सदस्य कंठीराम तागड़े ने पंचशील ध्वज फहराया और दिलीप भोरगडे ने सामूहिक बुद्ध वंदना का आयोजन किया।



कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी प्रकाश गजभिये, राजेश जंगले, मनोज भांगे, भीमराव कांबळे, गौतम तिरपुडे, आशीष नंदागवली, किशोर नागपुरकर, ईश्वर उके, प्रेम ठवरे, भीमराव शेंडे, प्रभाकर ठवरे, अशोक मेश्राम, देवा दिवे, पंडित भोरगडे, मनोज भागवतकर, जितेंद्र बागडे, देवा राऊत, गजानन बन्सोड, मनोज जगताप, नितीन वाघमोडे, प्रवीण तायडे, सचिन खोब्रागडे, अनिल वानखेडे, जितेंद्र पानतावणे और राजकुमार मेश्राम समेत बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन समिति पदाधिकारी राजेश जंगले ने किया।

# खेत में काम कर रहे किसान पर गिरी आसमानी बिजली, मौके पर मौत

**पारशिवनी.**



पारशिवनी तहसील के ग्राम बाबुलवाड़ा में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ। खेत में कृषि कार्य में जुटे किसान तुलसीराम बावणकर की आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना इतनी अचानक और भीषण थी कि आस-पास मौजूद ग्रामीण भी भयभीत हो उठे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट ली। तेज बारिश के साथ आकाश में बिजली की गर्जना और कड़क सुनाई देने लगी। इसी दौरान खेत में कार्यरत तुलसीराम बावणकर पर अचानक बिजली का कहर टूट पड़ा। बिजली का झटका इतना तीव्र था कि किसान को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उन्होंने वहीं पर दम तोड़ दिया। हादसे के समय खेत में किसान के साथ उनकी दो बकरियां भी मौजूद थीं। बिजली गिरने से दोनों बकरियों की भी मौके पर मौत हो गई। यह दृश्य इतना भयावह था कि आस-पास के लोग सदमे में आ गए। ग्रामीणों ने तुरंत घटना की जानकारी पारशिवनी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और पंचनामा कार्यवाही पूरी की। इसके बाद शव को ग्रामीण अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

इस घटना ने पूरे बाबुलवाड़ा गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल पैदा कर दिया है। परिवार अचानक हुए इस हादसे से गहरे सदमे में है। एक ओर परिवार ने अपने मुखिया को खो दिया, वहीं दूसरी ओर उनकी जीविका से जुड़ी पालतू बकरियों की भी मौत ने नुकसान को और बढ़ा दिया।

पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन की ओर से भी घटना की जानकारी ली जा रही है और पीड़ित परिवार को सरकारी मदद दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में मौसम लगातार बदल रहा है और गरज-चमक के साथ बारिश का दौर जारी है। इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए प्रशासन और मौसम विभाग द्वारा समय-समय पर ग्रामीणों को सचेत करना भी आवश्यक है। विशेषज्ञों का मानना है कि खुले स्थानों और खेतों में काम करते समय बिजली गिरने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है, ऐसे में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

इस हादसे ने एक बार फिर से यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की सुरक्षा हेतु किस प्रकार ठोस कदम उठाए जाएं। तुलसीराम बावणकर की असमय मौत ने गांव ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र को शोकाकुल कर दिया है।

# वर्धा में 'राष्ट्रनेता से राष्ट्रपिता सेवा पखवाड़ा' संपन्न

## > हजारों नागरिक हुए लाभान्वित

**वर्धा.**

वर्धा जिले में 'राष्ट्रनेता से राष्ट्रपिता सेवा पखवाड़ा' का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पखवाड़े का आयोजन 17 सितंबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक किया गया। वर्धा में यह पहल 2022 में पहली बार लागू की गई थी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशन में इसे पूरे राज्य में लागू किया गया। इस अवसर पर पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने कहा कि इस पहल के माध्यम से राज्य भर के हजारों नागरिक विभिन्न सरकारी योजनाओं से सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम वर्धा विकास भवन में पालकमंत्री की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर वान्मथी सी., अपर जिला कलेक्टर नरेंद्र फुलझेले, उपविभागीय अधिकारी दीपक कारंडे, तहसीलदार संदीप पुंडेकर सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

इस वर्ष सेवा पखवाड़ा तीन चरणों में संपन्न हुआ। पहले चरण में पांदन सड़कों के लिए अभियान चलाया गया, जिसके तहत जिले भर के पांदन रास्ते मुक्त किए गए और उन्हें उचित नंबर प्रदान किए गए। दूसरे चरण में उन नागरिकों को भूखंड वितरित किए गए, जिनके पास आवास के लिए जगह नहीं थी। इस पहल के माध्यम से कई नागरिकों को अपने घर के लिए उचित भूखंड प्रदान किया गया। तीसरे चरण में विभिन्न प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों का वितरण कर आम नागरिकों को राहत प्रदान की गई।

पालकमंत्री डॉ. भोयर ने कहा कि जिले में पखवाड़े के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अभिनव गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिला प्रशासन ने इसे प्रभावी तरीके से लागू किया और नागरिकों तक सरकारी सेवाएँ सीधे पहुँचाईं। जिला कलेक्टर वान्मथी सी. ने भी जिले में सभी विभागों के उत्कृष्ट



कार्य की सराहना की। उपविभागीय अधिकारी दीपक कारंडे ने बताया कि इस पखवाड़े में 26 विभागों ने भाग लिया और हजारों नागरिकों को विभिन्न सेवाएँ प्रदान की गईं।

सेवा पखवाड़े के दौरान वर्धा उपखंड में कुल 32,416 लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। इसमें स्कूली विद्यार्थियों को 9,326 प्रमाण पत्र, 690 नागरिकों का सर्वेक्षण और निराकरण, 1,098 आवास योजना लाभार्थियों को भूखंड, 1,793 आवास योजना लाभ, संपत्ति संशोधन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, स्वामित्व योजना के तहत 104 लाभ, आदिवासी परियोजना हॉस्टल के लिए 113 सुविधाएँ, कृषि फसल व पशुधन क्षति राहत के तहत 21 लाभ, बाल कल्याण योजना के तहत 12 लाभ और अनाथ प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इसके अलावा, कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ 1,224 नागरिकों को मिला, 'लेक लाड़ली योजना' का लाभ 336, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना 791, श्रमिक पंजीयन व लाभ वितरण 5,944, बिजली कंपनी की सूर्याघर योजना व अन्य लाभ 3,068, राशन कार्ड वितरण 1,344, आपले सरकार सेवा केंद्र प्रमाण पत्र 960, वाहन पंजीयन व लाइसेंस 2,123, पिक लोन 6, समाज कल्याण विभाग 694, दिव्यांग लाभ 88, संजय गांधी निराधार व श्रवणबल योजना 990, विद्यार्थियों को यात्रा पास 1,526 और जिला ग्रामीण विकास अभिकरण व सहकारिता विभाग के तहत कुल 59 लाभार्थियों को सेवाएँ प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अंत में पालकमंत्री ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और पट्टे वितरित किए और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन नायब तहसीलदार अजय धर्माधिकारी ने किया, जबकि तहसीलदार संदीप पुंडेकर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस पखवाड़े के माध्यम से वर्धा जिले में हजारों नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे मिला और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली की सफलता का परिचायक बना।

# दुर्गा विसर्जन व दशहरा उत्सव गुणागोविंद्य से मनाएँ : एसडीओ आकाश अवतरे

## > शांति समिति की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णय



**हिंगनघाट.**

दुर्गा विसर्जन और दशहरा उत्सव के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु उपविभागीय अधिकारी आकाश अवतरे की अध्यक्षता में 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे उपविभागीय कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुशिलकुमार नायर, तहसीलदार योगेश शिंदे, नायब तहसीलदार सागर कांबले, थाना प्रभारी देवेंद्र ठाकुर सहित शांति समिति के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस अवसर पर एसडीओ आकाश अवतरे ने नागरिकों से अपील की कि दुर्गा विसर्जन व दशहरा उत्सव को आपसी सद्भाव, भाईचारे और शांति के साथ मनाएँ तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग दें।

बैठक में निर्णय लिया गया कि विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाएगी, मार्गों पर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा जताई और कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा समस्या की स्थिति में तुरंत संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें।

# गूंजखेड़ा में स्वास्थ्य मंदिर का भूमिपूजन

## > विधायक राजेश बकाने के प्रयासों से ग्रामीणों को मिलेगा बड़ा लाभ

**गूंजखेड़ा/पुलगाव.**

ग्राम पंचायत गूंजखेड़ा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु 15वें वित्त आयोग से प्राप्त 44.98 लाख रुपये की राशि से आयुष्मान स्वास्थ्य मंदिर के निर्माण कार्य का भूमिपूजन बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

इस स्वास्थ्य मंदिर के शुरू होने से ग्रामीणों को आपातकालीन चिकित्सा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और निवारक स्वास्थ्य जांच जैसी सुविधाएँ गाँव के स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। अब तक इन सेवाओं के लिए ग्रामीणों को तालुका और जिला अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे गरीब और किसान परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

भूमिपूजन के अवसर पर विधायक राजेश बकाने ने कहा कि – "गाँवों में स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना मेरा जुनून है। गूंजखेड़ा में बनने वाला यह आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिर्फ़ एक इमारत नहीं, बल्कि ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रतीक है। लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना ही सच्ची जनसेवा है।"

कार्यक्रम में राहुल चोपड़ा, जयंत येरावार, गणेश पवार, प्रवीण नांदे, अनिल परसगाये, संगीता भोयर, हरीश बोरकर, आनंद हाते, राजू इंगोले, बलराज लोहवे, जयश्री मोकदम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।



ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि विधायक बकाने के सहयोग से ही गूंजखेड़ा को यह निधि प्राप्त हुई है। वर्धा ज़िले में विधायक बकाने के प्रयासों से शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और बुनियादी ढाँचे के क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र में लागू की गई योजनाओं से हजारों परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है, जिससे उनकी जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

# अभिनव विचार मंच ने कर्णबधिर जिजाबाई डफ को डिजिटल श्रवण यंत्र भेंट किया

**हिंगनघाट.**

अभिनव विचार मंच के सामाजिक योगदान का एक और उदाहरण सामने आया है। नवरात्रि के अवसर पर, मंच के अभिनव सहायता निधि के माध्यम से 75 वर्षीय कर्णबधिर जिजाबाई धर्मराज डफ (शास्त्री वार्ड, हिंगणघाट) को अत्याधुनिक डिजिटल श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। यह यंत्र शहर के प्रसिद्ध कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. अभिजीत फुटाणे के दवाखाने में फिट किया गया।

गरीबी और श्रवण क्षमता में कमी के कारण रोज़मर्रा के कामों में कठिनाई का सामना कर रही जिजाबाई डफ के लिए यह यंत्र वरदान साबित हुआ। अभिनव सहायता निधि के समक्ष यह विषय आने पर, एक दानदाता ने अपनी पहचान गुप्त रखते हुए 11,000 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। श्रवण यंत्र लगने के बाद स्वास्थ्य विभाग प्रमुख



प्रसाद पाचखेडे ने जिजाबाई से पूछा, "आजी, अब आवाज़ सुनाई दे रही है क्या?" इस पर जिजाबाई ने खुशी के साथ उत्तर दिया, "हाँ प्रसाद!" और उनके चेहरे पर आनंद और उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। अभिनव विचार मंच के नितिन सुकलकर ने इस अवसर पर कहा कि मंच के अंतर्गत सक्रिय अभिनव सहायता निधि पिछले दो वर्षों से समाज के जरूरतमंदों की शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी मदद में काम कर रही है। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य किसी का नाम बड़ा करना नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्गों की मदद करना है। लोगों की मदद करके जो संतुष्टि मिलती है, वह हमारे लिए सबसे बड़ी पुरस्कार है।"

इस अवसर पर डॉ. अभिजीत फुटाणे, डॉ. सुमेध शंभरकर, मंच के उपाध्यक्ष प्रा. चंद्रशेखर रेवतकर, सचिव ओमप्रकाश मुडे, अभिनव सहायता निधि के प्रमुख प्रमोद बोरकर, स्वास्थ्य विभाग प्रमुख प्रसाद पाचखेडे, और अन्य सदस्य जैसे विकास नागरकर, शरद वाघमारे, जयंता देवढे, किरण गहेरवार, श्रीकांत डोलसकर, चंद्रशेखर दाते, हेमंत महाजन उपस्थित थे।

# ज्ञानदा हाई स्कूल के 2 खिलाड़ियों का विभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन



**वर्धा.**

जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय व जिला क्रीड़ा परिषद वर्धा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 26 सितंबर को क्रीड़ा संकुल, वर्धा में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में ज्ञानदा हाई स्कूल, सातफल के अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी अमित वाढई और आर्यन कौरासे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

खिलाड़ियों ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने विद्यालय के कोषाध्यक्ष काशीनाथ लोणारे, सह सचिव लकी खिलोसिया, मुख्याध्यापक निकीत गेडाम, जिला क्रीड़ा अधिकारी आशा मेश्राम, क्रीड़ा अधिकारी संदीप खोब्रागड़े, अनिल निमगडे, जमीर अत्तारी, सांजली वानखेडे, सायली चन्नावर, क्रीड़ा मार्गदर्शक भोजराज चौधरी, तालुका संयोजक बी. एल. खांडरे, क्रीड़ा शिक्षक मुस्तफा बख्श, अजय मुळे और विद्यालय के संपूर्ण शिक्षक वर्ग को दिया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, क्रीड़ा विभाग और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें अभिनंदन करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

# वर्धा में नागपुर संभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम की घोषणा

**वर्धा.** नागपुर संभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता पंजीकरण पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की गई है। प्रशासन ने जिले के सभी योग्य स्नातक उम्मीदवारों से मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने की अपील की है। मतदाता पंजीकरण के लिए सार्वजनिक सूचना 30 सितंबर को प्रकाशित की गई। इसके अनुसार स्नातक उम्मीदवार फॉर्म 18 या 19 के माध्यम से दावे और आपत्तियाँ 6 नवंबर तक जमा करा सकते हैं। प्रारूपित मतदाता सूची 25 नवंबर को प्रकाशित होगी। दावे और आपत्तियों की स्वीकृति 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक की जाएगी। निपटारा 25 दिसंबर को किया जाएगा और अंतिम मतदाता सूची 30 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। वर्ष 2020 में जिले में कुल 21,879 स्नातक मतदाता थे। कुल 35 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 29 प्राथमिक और 6 सहायक मतदान केंद्र शामिल थे। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए संभागीय आयुक्त मतदाता पंजीकरण अधिकारी होंगे, जबकि जिला कलेक्टर सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। मतदाता पंजीकरण फॉर्म 18 के लिए आवेदन उप-मंडल कार्यालय, तहसील कार्यालय और जिले के 18 मतदान केंद्रों पर नामित अधिकारियों को किया जा सकता है। चूंकि मतदाता सूची नए सिरे से तैयार की जा रही है, इसलिए पहले सूची में नाम होने पर भी नए सिरे से आवेदन करना आवश्यक है। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधि, उपाधि का सरकारी अभिलेख या पंजीकरण कार्ड, तथा उपाधि के अंतिम वर्ष की अंकसूची जमा करनी होगी। पंजीकरण के लिए आवेदक का भारत का सामान्य निवास और नागरिकता होना आवश्यक है। स्नातक परीक्षा या उसके समकक्ष परीक्षा तीन वर्ष पूर्व उत्तीर्ण होनी चाहिए।

जिला कलेक्टर और सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारी ने जिले के सभी योग्य स्नातक मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर आवेदन करने की अपील की है।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार: देवली-पुलगाव में महिला स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

**देवली.**

"राष्ट्रनेता से राष्ट्रपिता सेवा पखवाड़ा" के तहत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर, देवली-पुलगाव विधानसभा क्षेत्र में एक भव्य महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विधायक राजेश बकाने के मार्गदर्शन में खरांगना (गोडे) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने बड़ी उत्सुकता और सहभागिता दिखाई।



शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य की व्यापक जाँच की गई, जिसमें रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, स्तन एवं गर्भाशय की जाँच शामिल थी। इसके साथ ही महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई और आयुष्मान भारत गोल्ड कार्ड वितरित कर केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर पहुंचाया गया।

**विधायक राजेश बकाने ने कहा,**

"एक स्वस्थ महिला का अर्थ है एक सशक्त परिवार और एक सशक्त परिवार का अर्थ है एक सशक्त समाज। महिलाओं के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मेरा लक्ष्य हर घर तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है।"

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वप्निल बेले, तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधुरी दिघिकर, डॉ. रॉबिन कांबले, राहुल चोपड़ा, नंदकिशोर झोटिंग, गौरव गावंडे, सुरेशराव गोडे, कुमुद गोडे, माधुरी खडसे, प्रमोद चव्हाण, अतुल देशमुख सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया।

विधायक राजेश बकाने ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों और नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। ग्रामीण महिलाओं में इस पहल को लेकर उत्साह और संतुष्टि देखने को मिली। स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुँचाने वाली यह पहल, क्षेत्र में विधायक के नेतृत्व और जनता के विश्वास को और मजबूत करेगी।

"सशक्त महिला - सशक्त परिवार - सशक्त समाज" के संदेश को मूर्त रूप देने में यह शिविर एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# किसान ने खेत में गांजा लगाने की अनुमति मांगी

**वर्धा.** वर्धा तहसील के सावली (सास्ताबाद) निवासी किसान पंकज मंगलराव पिसुड्डे ने प्रशासन से अपने खेत में भांग (गांजा) के पौधे लगाने की लिखित अनुमति मांगी है। पंकज पिसुड्डे के पास मौजा नूरापुर, खेत संख्या 11/2, क्षेत्रफल 1.46 हेक्टेयर है। इस वर्ष उनके खेत में कपास और सोयाबीन की फसलें थीं, लेकिन लगातार हो रही भारी बारिश से फसलें बंजर हो गई हैं और नष्ट होने के कगार पर हैं। किसान पंकज पिसुड्डे पर पंजाब नेशनल बैंक, तरोडा शाखा से 2019 से 1,84,000 रुपये का कर्ज है। खेती, बीज, खाद, स्प्रे और मजदूरी की लागत में भारी वृद्धि होने के कारण वह निजी ऋण लेने को मजबूर हैं। खराब फसल और अतिवृष्टि के कारण वह परिवार का भरण-पोषण करने की स्थिति में नहीं हैं और इससे वह मानसिक तनाव में हैं। पंकज पिसुड्डे ने अपनी पीड़ा अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत झाड़े के कार्यालय में व्यक्त की। किसान सभा ने उन्हें आत्महत्या या भांग की खेती को विकल्प न मानने की सलाह दी और प्रशासन तक उनकी समस्या पहुँचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर यशवंत झाड़े के साथ शिलानंद बुरबुरे, संजय भगत, भीमराव नाखले और सूरज बुरबुरे उपस्थित थे। किसान सभा का कहना है कि राज्य और केंद्र सरकार ने किसानों से कर्ज माफी का वादा किया था, लेकिन उसे लागू नहीं किया जा रहा है। किसानों को गारंटीकृत मूल्य नहीं मिलता, आयात-निर्यात नीति कृषि अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है, और अतिवृष्टि व सूखा किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं।

अतिवृष्टि प्रभावित किसानों को बिना पंचनामा के 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता दी जाए।

केंद्र सरकार बढ़ती महंगाई के अनुसार गारंटीकृत मूल्य बढ़ाए और कृषि उत्पाद उसी दर पर खरीदे।

यशवंत झाड़े ने चेतावनी दी कि अगर समय रहते सरकार ने कार्रवाई नहीं की, तो पंकज पिसुड्डे जैसी स्थिति कई किसानों के साथ होगी और आत्महत्याओं की घटनाएँ बढ़ सकती हैं। प्रशासन इस मामले में क्या निर्णय लेता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# मातोश्री आशाताई कुणावर महिला महाविद्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' का आयोजन

**हिंगनघाट.** मातोश्री आशाताई कुणावर कला, वाणिज्य व विज्ञान महिला महाविद्यालय में "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025" उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश तुलसकर, उपप्राचार्या डॉ. सपना जायसवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रा. भाग्यश्री साबले, सहकार्यक्रम अधिकारी प्रा. प्रतिभा दुबे और प्रा. मीनाक्षी पावडे की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर वंदन करने से की गई। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. उमेश तुलसकर ने छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उपप्राचार्या डॉ. सपना जायसवाल ने महात्मा गांधी के विचारों का संदर्भ देते हुए स्वच्छता का महत्व समझाया। कार्यक्रम अधिकारी प्रा. भाग्यश्री साबळे ने छात्राओं को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# सावरखेड़ा, मोहगांव और खुर्सापार में बाघ का आतंक

## > मवेशियों पर हमला, किसानों में दहशत

**समुद्रपुर.**

विभिन्न क्षेत्रों में बाघ के लगातार हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बुधवार सुबह सावरखेड़ा, मोहगांव और खुर्सापार शिवार में बाघ ने मवेशियों को अपना शिकार बनाया। इन घटनाओं में एक गाय और एक बछड़े की मौत हो गई, जबकि एक बैल घायल हो गया। वहीं खुर्सापार में गौशाला में घुसकर बाघ ने एक सांड को भी मार डाला।

मिली जानकारी के अनुसार, मोहगांव जंगल क्षेत्र में गिरड निवासी किसान दिवाकर नारनवरे की गाय चरने गई थी, जो रात को वापस नहीं लौटी। तलाश करने पर पता चला कि गाय का शिकार बाघ ने किया है। दूसरी घटना सावरखेड़ा की है, जहां किसान सुधीर घनश्याम वाट के बछड़े



को बाघ ने मार डाला, वहीं प्रेमराज थूटे के खेत के पास बंधे बैल को भी बाघ ने घायल कर दिया। इससे पहले दो दिन पूर्व खुर्सापार गांव में रामराव निखुरे की गौशाला में घुसकर बाघ ने एक सांड को मार डाला था।

लगातार हो रहे हमलों से किसानों और खेत मजदूरों में भय का वातावरण है। घटना की सूचना मिलते ही वनपरिक्षेत्र अधिकारी निलेश गावंडे के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा किया। तीनों घटनास्थलों पर बाघ की गतिविधियों की निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए हैं।

वनपरिक्षेत्र अधिकारी निलेश गावंडे ने नागरिकों से अपील की है कि वे खेतों और जंगल के आसपास सतर्क रहें और बाघ की गतिविधियों की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

# आज का शिक्षक मोर्चा स्थगित



## शिक्षक संघटन ने की घोषणा, शालेय मंत्री डॉ. भोयर से हुई सफल चर्चा

**वर्धा.**

नागपुर में टीईटी और अन्य शिक्षक संबंधी मुद्दों को लेकर सभी शिक्षक संगठनों और स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर के बीच 1 अक्टूबर को बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों को स्वीकारते हुए मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार जल्द ही सर्वोच्च न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर करेगी और इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

बैठक के बाद शिक्षक संगठनों ने सरकार को इस मामले को हल करने के लिए 18 अक्टूबर तक का समय देने का निर्णय लिया। यदि इस अवधि में कोई हल नहीं निकला, तो 8 नवंबर को राज्यव्यापी मोर्चा निकाला जाएगा। वहीं, राज्य में बाढ़ की स्थिति और नुकसान को देखते हुए मंत्री ने मोर्चा न निकालने की अपील की, जिसे ध्यान में रखते हुए संगठनों ने 4 अक्टूबर का मोर्चा स्थगित करने की घोषणा की।

बैठक में 15 मार्च के सरकारी निर्णय में संशोधन, शिक्षाकर्मियों, अनुकंपा, बीएलओ और अन्य मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। प्रहार शिक्षक संघटन के नागपुर विभाग प्रमुख अजय भोयर (वर्धा) भी इस बैठक में उपस्थित थे। कुल मिलाकर, आज की बैठक और चर्चा सफल रही।

# दादा का डांडिया उत्सव-2025 उत्साहपूर्वक संपन्न

**घुग्घुस.**

घुग्घुस के प्रयास सभागृह में रविवार को प्रयास सखी मंच, घुग्घुस द्वारा आयोजित दादा का डांडिया उत्सव-2025 धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर डांडिया और गरबा नृत्य प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन राजुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं घुग्घुस के सुपुत्र देवराव भोंगले ने दीप प्रज्वलन कर किया।

यह उत्सव लगातार सातवें वर्ष आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक और अतिथिगण शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विवेक बोढे, भाजपा नेता चिन्नाजी नलभोगा, युवा नेता अमोल थेरे, पूर्व पंचायत समिति उपसभापति निरीक्षण तांड्रा, जिला सचिव विनोद चौधरी, शिवसेना शहराध्यक्ष महेश



डोंगे, राष्ट्रवादी तालुका अध्यक्ष श्रीनिवास गोसकूला समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक देवराव भोंगले का शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर विशेष सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में कुल 419 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विजेताओं को रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी और आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं लकी ड्रॉ के माध्यम से प्रतिभागियों को पैठणी साड़ी, मिक्सर, मोबाइल, गिफ्ट सेट, हॉटस्पॉट और टिफिन जैसे इनाम भी दिए गए। कार्यक्रम की सफलता के लिए संयोजिका अर्चना भोंगले, सखी मंच अध्यक्षा किरण बोढे, पूर्व सभापति नीतू चौधरी, वैशाली ढवस, कुसुम सातपुते, सारिका भोंगले, सीमा पारखी समेत सखी मंच की सभी महिलाओं ने सराहनीय प्रयास किए। उत्सव ने न केवल नगरवासियों को मनोरंजन का अवसर दिया, बल्कि परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत किया।

# ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति ने किया रंगोली स्पर्धा पुरस्कार का वितरण

**कामठी.**

ओमनगर में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा मंदिर में रंगोली स्पर्धा का आयोजन किया गया, जो अत्यंत सफल रहा। इस कार्यक्रम में शीर्ष सात प्रतिभागियों के अलावा, शेष सभी कलाकारों को प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में साड़ी भेंट कर उनके हुनर की सराहना की गई।

इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। इनमें रणाला ग्राम पंचायत के सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष माया चवरे, उपसरपंच अंकिता कोविद तलेकर, खैरी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच बंडू कापसे, और आयरन बिज़नेसमेन तारा वर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे। प्रमुख अतिथियों को श्रीफल प्रदान कर मंदिर के पुजारी आचार्य अजय त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया। सरपंच पंकज साबरे ने अपने संबोधन में कहा कि ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति को इस अत्यंत सफल रंगोली स्पर्धा के लिए मेरी ओर से समिति को और सभी प्रतिभागियों के हुनर और रंगों के प्रति उन्हें बहुत-बहुत बधाई। कला और संस्कृति को बढ़ावा देने का यह प्रयास वास्तव में सराहनीय है। शीर्ष सात स्पर्धाओं में भारती मनोज ठाकरे, सुषमा चोंदे, सोनाली बांछानिधि नंदी, दीपिका व्यंकटेश कोतपल्लीवर, शिल्पा केलवदे,



कु. रिया दीपक निकोसे, कु. श्रुति सौमित्र नंदी शामिल हैं। वहीं अद्विता नरेश घोड़माडे, कविता पाल, सरला अनिल आरोड़े, निकिता मामलीवार, राखी बॉम्बाटे, नंदा लोंदे, सुनीता द्विदेवी, मोना कोसुलकर, पुष्पलता कोहले, शकुंतला कोसुलकर, प्रमिला कोड़े, स्नेहा भोंगाडे, जयश्री अमृतकर सहित नन्ही बालिका कु. तन्या ऋषि भायदे को प्रोत्साहन स्वरूप साड़ी भेंट किए गए। साथ ही कु. दिव्या आकाश काटरपवार को बेस्ट वर्कर के रूप में साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष कनवरसिंग पंघाल ने की। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन सौमित्र नंदी ने किया, जिन्होंने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सफल आयोजन के पीछे समिति के कई सदस्यों की कड़ी मेहनत रही। ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव, सदस्य दीपक निकोसे, नरेश घोरमाडे, कु.दिव्या आकाश काटरपवार, कु.रिया दीपक निकोसे, कु.श्रुति सौमित्र नंदी और अन्य पदाधिकारी व सदस्यों ने मिलकर इस रंगोली स्पर्धा को यादगार बनाने में अथक प्रयास किया। समिति ने इस आयोजन के माध्यम से कला और संस्कृति को बढ़ावा देने का सराहनीय प्रयास किया है।

जन्मदिन विशेष

# संघर्ष से सफलता तक की मिसाल: मज़हर शेख

## जन्मदिन पर शुभकामनाएँ: पंकज महाजन









शुभेच्छुक: पंकज महाजन

**नागपुर/विदर्भ।** संघर्ष और सादगी से सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचना अगर किसी से सीखना हो, तो मज़हर शेख की जीवन यात्रा एक प्रेरणादायी उदाहरण है। 4 अक्टूबर को उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके मित्र और शुभेच्छक पंकज महाजन ने हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि "मज़हर भाई का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है। उन्होंने शून्य से शुरुआत की और आज पूरे नागपुर व विदर्भ में उनका नाम सम्मान और विश्वास का प्रतीक बन चुका है।" पंकज महाजन ने बताया कि "मज़हर शेख की खासियत यह है कि उन्होंने अपनी मेहनत और संघर्ष के बल पर न सिर्फ एक नई पहचान बनाई, बल्कि समाज के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़े। उनका व्यक्तित्व सादगी, ईमानदारी और सेवा भाव का संगम है।
वे हमेशा दूसरों के लिए खड़े रहते हैं और यही उन्हें समाज में अलग बनाता है।" उन्होंने आगे कहा कि "मज़हर भाई ने जिस तरह शून्य से शुरुआत करके एक मुकाम हासिल किया, वह आज की पीढ़ी के लिए एक सबक है कि मेहनत और नीयत अगर सही हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उनका योगदान न सिर्फ उनके परिवार या मित्रों तक सीमित है बल्कि उन्होंने पूरे समाज के लिए अपनी सोच और कर्म को समर्पित किया है।" जन्मदिन के अवसर पर पंकज महाजन ने अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा "मैं अल्लाह से दुआ करता हूँ कि मज़हर भाई को लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर तरक्की मिले। उनका यह सफर और ऊँचाइयों तक पहुँचे और हमारी दोस्ती व संबंध यूँ ही मजबूत बने रहें। मज़हर भाई जैसे लोग ही समाज की असली पूँजी हैं, और उनके होने से विदर्भ का गौरव बढ़ता है।"

**जन्मदिन मुबारक हो मज़हर शेख भाई!**

# दीक्षाभूमि पर 'सेवा, ज्ञान और शक्ति' का त्रिवेणी संगम

**नागपुर.**

## बिजली कर्मचारियों का भोजनदान, पुस्तक वितरण और सूचना स्टॉल!

69वें धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर, जब नागपुर की पवित्र दीक्षाभूमि ज्ञान और श्रद्धा के सागर में डूबी हुई थी, तब महाराष्ट्र राज्य की विद्युत कंपनियों (महावितरण, महापारेषण और महानिर्मिती) के अधिकारियों, कर्मचारियों और अभियंताओं ने एक अनोखा और महत्वपूर्ण सेवा कार्य करके धम्म अनुयायियों को राहत प्रदान की। लाखों अनुयायियों के लिए अन्नदान (भोजनदान), ज्ञानदान (पुस्तक वितरण), विभिन्न योजनाओं की सूचना पुस्तिका वितरण और मुफ्त अल्पाहार व पीने के पानी की व्यवस्था (पियाऊ) जैसी सेवाओं का संगम दीक्षाभूमि पर देखने को मिला।

**ज्ञान और जानकारी का विशेष वितरण:** इस पहल में धम्म अनुयायियों को केवल भोजन ही नहीं, बल्कि विचारों की नई दिशा देने वाले ग्रंथों का भी वितरण किया गया। इस ग्रंथदान में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा लिखित 'वीजाच्या प्रतीक्षेत' नामक महत्वपूर्ण पुस्तक वितरित की गई। इसके साथ ही, आम जनता को सीधा लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से महावितरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाली उपयोगी सूचना पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। बिजली से संबंधित शिकायतों और प्रश्नों पर उचित मार्गदर्शन प्रदान करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य था। इस भोजनदान और पुस्तक वितरण कार्यक्रम का



उद्घाटन महावितरण, नागपुर परमंडल के मुख्य अभियंता दिलीप दोडके के कर-कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि महावितरण की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सूचना पुस्तिका वितरण महत्वपूर्ण है। गोंदिया परमंडल के मुख्य अभियंता सुहास रंगारी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में स्पष्ट किया कि भोजनदान के साथ-साथ दीक्षाभूमि से बाबासाहेब के विचारों का आदान-प्रदान और पुस्तकों के माध्यम से ज्ञान की भूख को शांत करना अधिक महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर महापारेषण, नागपुर परमंडल के मुख्य अभियंता सतीश अणे, चंद्रपुर परमंडल के मुख्य अभियंता हरीश गजबे, अकोला परमंडल के मुख्य अभियंता राजेश नाईक ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन मधुकर सुरवाडे ने और आभार प्रदर्शन कुणाल पाटील ने किया। इस दौरान नागपुर शहर मंडल के अधीक्षक अभियंता अमित परांजपे के साथ उमेश शहारे, सम्राट वाघमारे, गौतम धोंगडे, हेमराज ढोके, राहुल जीवतोडे, धम्मदीप फुलझेले और कई अभियंता व कर्मचारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**महावितरण के 'सूचना स्टॉल' पर भारी भीड़:** सेवाभाव और ज्ञान के साथ ही, महावितरण ने प्रौद्योगिकी और अपनी योजनाओं की जानकारी देने के लिए दीक्षाभूमि पर एक विशेष स्टॉल स्थापित किया था। इस स्टॉल में प्रधानमंत्री सूर्यघर और मागेल त्याला सौर कृषीपंप जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। स्टॉल पर उपयोगी सूचना पुस्तिकाओं और वीडियो क्लिप्स के माध्यम से योजनाओं को समझाया गया। नागरिकों के प्रश्नों का समाधान करने के लिए अभियंताओं और कर्मचारियों की एक विशेष टीम तीन दिनों तक मौजूद रही। देश भर से आए हजारों नागरिकों ने इस स्टॉल का दौरा किया और महावितरण की योजनाओं तथा बिजली सुरक्षा नियमों की जानकारी ली। इस स्टॉल की संकल्पना में मधुकर सुरवाडे, नरेंद्र तिजारे, कार्यकारी अभियंता राहुल जीवतोडे और उप-मुख्य जनसंपर्क अधिकारी योगेश विटनकर का मुख्य योगदान रहा।

### अल्पाहार और पियाऊः राहत प्रदान करने वाली सुविधा

म. रा. मागासवर्गीय विद्युत कर्मचारी संघटन की ओर से दीक्षाभूमि पर आए अनुयायियों के लिए लगातार दो दिनों तक मुफ्त अल्पाहार और पीने के पानी (पियाऊ) की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। मुख्य अभियंता दिलीप दोडके के कर-कमलों द्वारा इस सुविधा का भी उद्घाटन किया गया। उन्होंने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विद्युत क्षेत्र में योगदान को याद करते हुए, संगठन के सेवा कार्य की प्रशंसा की। स्वतंत्र मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. एस. पाटील और उपाध्यक्ष एन. बी. जारोंडे ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में और अधिक समाजोपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर अमित परांजपे, संजय वाकडे, जितेंद्र फुले, जयंत कोकाटे, हेमराज ढोके, राहुल जीवतोडे, धम्मदीप फुलझेले, नारायण लोखंडे, संजय शृंगारे, प्रशांत खटी, सारिका जारोंडे और संगठन के मुख्य संयोजक दयानंद हाडके सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन सुशांत शृंगारे ने, प्रस्तावना आनंद कांबले ने और आभार प्रदर्शन दिलीप वाघ ने किया।



नागपुर. डॉक्टर बाबासाहब आंबेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर धम्मचक्र परिवर्तन दिवस मनाते हुये अब्दुल जमील, इरशाद अहमद, संग रवि, अंकित तौसीफ, संजय, दिवेश मिश्रा, दिवाकर, पंकज और अरविंद।

# अग्निशमन दल ने शहर में किया रूट मार्च

त्योहारों व उत्सवों के मद्देनजर पालिका प्रशासन की पहल!

**दिग्रस.**

अग्निशमन नवरात्रि, दशहरा तथा आगामी दीपावली त्योहार के मद्देनजर गुरुवार को दिग्रस नगर पालिका के अग्निशमन विभाग ने शहर में रूट मार्च किया. दशहरा, दीपावली आदि त्योहार तथा नवरात्र आदि उत्सवों को ध्यान में रखते हुए बीते गुरुवार को नगर पालिका मुख्याधिकारी अतुल पंत के मार्गदर्शन में अग्निशमन दल का शहर में यह रूट मार्च निकाला गया. इस मौके पर अग्निशमन दल के सभी वाहनों को फूल मालाओं से सजा धजा रूट मार्च निकाला गया. इस रूट मार्च में शामिल प्रभारी अग्निशमन अधिकारी धीरज जाधव, फायरमैन अश्विन इंगले, अब्दुल नसीर, सागर शेलके, सहदेव उघडे ने शहरभर में अग्निशमन वाहनों के साथ पहुंचकर आग बुझाने का प्रात्याक्षिक प्रस्तुत कर नागरिकों को आग लगने पर आग बुझाने के संदर्भ में कारगर सुझाव देते हुए नागरिकों खतरे से निपटने के प्राथमिक स्तर के उपायों से अवगत किया. इस रूट मार्च में अग्निशमन दल के गुरखा रेस्क्यू वाहन, अग्निशमन वाहन सहित 2 अग्निशन बुलेट आदि का समावेश था.




# ओमनगर में धूमधाम से हुआ रावण दहन

**कामठी.**

ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष का रावण दहन कार्यक्रम बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की प्रमुख उपस्थिति में समिति के अध्यक्ष कनवरसिंग पंघाल, उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव, और उपसरपंच सौ. अंकिता कोविद तलेकर शामिल रहे। साथ ही, आयरन बिज़नेसमैन तारा वर्मा ने भी कार्यक्रम में अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर ओम नगर दुर्गा उत्सव समिति के पुजारी आचार्य अजय त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकान्त सिंधिया पाण्डेय, सदस्य नीलम राजकुमार सिंह बघेल, अशोक ठाकरे, सदस्य यशवंत आरेकर,



सदस्य आकाश काटरपवार, सदस्य दीपक निकोसे, सदस्य अशोक रावत, सदस्य रितेश दुबे सदस्य भारती मनोज ठाकरे, सदस्य अद्विता नरेश घोड़माडे, अन्य पदाधिकारी व सदस्य सहित परिसर के अनेक गणमान्य नागरिक प्रमुखता से उपस्थित रहे, जिन्होंने विजयादशमी के इस पर्व को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन और अंत में आभार व्यक्त का कार्य उपसंपादक सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी द्वारा किया गया। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों और उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

रावण दहन के दौरान आसमान आतिशबाजी से जगमगा उठा, जिसने उत्सव के माहौल को और भी अधिक भव्य बना दिया।

# अमरावती चांदूर रेलवे रोड स्थित एसआरपीएफ कैंप परिसर में भीषण घटना

## > ट्रक की टक्कर से तेंदुए की मौके पर ही मौत!

**अमरावती, राजेश मालवीय**

अमरावती. शहर के चांदूर रेलवे रोड पर स्थित राज्य रिजर्व पुलिस बल कैंप परिसर में शनिवार आधी रात को एक सनसनीखेज हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने अचानक सामने आए तेंदुए को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना से परिसर में हड़कंप मच गया।

**वन विभाग और पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची :** सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम और पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुँची। सड़क किनारे मृतावस्था में पड़े तेंदुए को देखने के लिए बड़ी भीड़ जमा हो गई। ट्रक चालक के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ऐसी जानकारी सूत्रों ने दी।



**एसआरपीएफ परिसर में तेंदुओं की बढ़ती मौजूदगी :** पिछले कुछ वर्षों से अमरावती के एसआरपीएफ कैंप परिसर, तपोवन, विश्वविद्यालय और वडाली जंगल इलाके में तेंदुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुछ दिनों पहले इसी कैंप की दो मंजिला इमारत में तेंदुआ घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। अब ट्रक की टक्कर में एक तेंदुए की मौत होने से वन्यजीव प्रेमियों में गहरी चिंता और दुख व्यक्त किया जा रहा है। शहर के मध्यवर्ती भागों में बार-बार तेंदुओं के दिखाई देने से लोगों में डर का माहौल है।

# रोकड़े ज्वेलर्स को इकॉनॉमिक टाइम्स के टॉप 50 ज्वेलरी ब्रांड्स में किया गया शामिल

**गोंदिया.**

विदर्भ और मध्य भारत के विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड रोकड़े ज्वेलर्स ने एक नई ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रतिष्ठित इकॉनॉमिक टाइम्स द्वारा भारत के टॉप 50 ज्वेलरी ब्रांड्स में रोकड़े ज्वेलर्स को स्थान दिया गया है। यह सम्मान न केवल एक पुरस्कार है, बल्कि 100 वर्षों से अधिक समय से जारी इस ब्रांड की परंपरा, विश्वास और गुणवत्ता की पहचान भी है। 1900 में स्थापित, रोकड़े ज्वेलर्स ने हमेशा ग्राहकों को केवल आभूषण नहीं, बल्कि भरोसे और पारदर्शिता से भरा अनुभव दिया है। आज नागपुर और भंडारा में सात शाखाओं के साथ, ब्रांड जल्द ही गोंदिया में अपना आठवां शो रूम भी शुरू करने जा रहा है। हाल ही में 26 सितंबर को, रोकड़े ज्वेलर्स ने अपने महाल शाखा का भव्य उद्घाटन किया। यह नया शोरूम 16,000 से अधिक वर्ग फुट में फैला हुआ है और अब और भी बड़ा, उज्जवल और भव्य रूप में ग्राहकों के सामने प्रस्तुत है। उद्घाटन के दिन सुबह 6 बजे से ही हजारों ग्राहकों ने इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनकर ब्रांड के साथ अपने संबंधों को और मजबूत किया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 468-8 | 470-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 790-6 | 137-1 |







**रोकड़े ज्वेलर्स के डायरेक्टर पारस रोकड़े का बयान:** "इकॉनॉमिक टाइम्स द्वारा भारत के टॉप 50 ज्वेलरी ब्रांड्स में चुना जाना हमारे लिए गर्व और कृतज्ञता का क्षण है। यह सम्मान हमारे ग्राहकों और उन परिवारों का है, जिन्होंने पीढ़ियों से हम पर विश्वास बनाए रखा है। हाल ही में महाल शाखा का पुनः उद्घाटन इस विश्वास और आधुनिकता का प्रतीक है।"

**रोकड़े ज्वेलर्स का वादा:** रोकड़े ज्वेलर्स हमेशा से प्रामाणिकता, नई डिजाइन, पारदर्शी दाम और यादगार खरीदारी अनुभव का वादा करता रहा है। सोने के आभूषण, अनमोल हीरे और पोल्की कलेक्शन – हर संग्रह रोकड़े ज्वेलर्स की विशिष्टता और परंपरा को दर्शाता है। यह मान्यता न केवल रोकड़े ज्वेलर्स की अग्रणी स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे एक परंपरागत ब्रांड आज की आधुनिक पीढ़ी में भी विश्वास और प्रेरणा जगाता है।

# भामरागढ़ क्षेत्र में घातपात की योजना बनाकर रेकी करने वाले नक्सल समर्थक को गढ़चिरोली पुलिस व सीआरपीएफ ने दबोचा

## 27 अगस्त 2025 को हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में भी था सक्रिय सहभागी

**गढ़चिरोली.**

नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। सुरक्षा बलों के विरुद्ध हिंसक गतिविधियों में शामिल रहे एक कट्टर नक्सल समर्थक को गढ़चिरोली पुलिस दल और सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 29 सितम्बर 2025 को भामरागढ़ क्षेत्र में पुलिस व सीआरपीएफ 37 बटालियन (एफ कंपनी) के जवान माओवाद विरोधी अभियान चला रहे थे। इस दौरान इंटेलिजेंस सेल प्राणहिता को गोपनीय सूत्रों से खबर मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति सुरक्षा बलों की गतिविधियों की रेकी कर रहा है। इसके बाद पुलिस और सीआरपीएफ ने उसे भामरागढ़ से हिरासत में लिया।



पूछताछ में उसकी पहचान सैनु उर्फ सन्नु अमलु मट्टामी (उम्र 38 वर्ष, निवासी पोयारकोठी, तह. भामरागढ़, जिला गढ़चिरोली) के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि वह भामरागढ़ क्षेत्र में घातपात की योजना बनाकर रेकी कर रहा था। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि वह 27 अगस्त 2025 को कोपर्शी–फुलनार जंगल में हुई पुलिस–नक्सली मुठभेड़ में सक्रिय रूप से शामिल था।

इस संबंध में कोठी पुलिस थाने में दर्ज अपराध क्र. 02/2025 के तहत 30 सितम्बर 2025 को उसकी गिरफ्तारी की गई है। मामले की आगे की जांच भामरागढ़ के उपविभागीय पुलिस अधिकारी श्री. अमर मोहिते कर रहे हैं। साथ ही उसकी अन्य विध्वंसक गतिविधियों और अपराधों में संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। यह कार्रवाई विशेष पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल विरोधी अभियान) संदीप पाटिल, पुलिस उपमहानिरीक्षक गढ़चिरोली परिक्षेत्र अंकित गोयल, उपमहानिरीक्षक (अभियान) सीआरपीएफ अजय कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक गढ़चिरोली नीलोत्पल, कमांडेंट 37 बटालियन सीआरपीएफ दाओ इंजिरकान कींडो, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) एम. रमेश, अपर पुलिस अधीक्षक अहेरी (प्राणहिता) सत्य साई कार्तिक, अपर पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) गोकुल राज जी., पुलिस उपअधीक्षक (अभियान) विशाल नागरगोजे और उपविभागीय पुलिस अधिकारी भामरागढ़ अमर मोहिते के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री. नीलोत्पल ने कहा कि गढ़चिरोली जिले में नक्सल विरोधी अभियान और अधिक तेज किया जाएगा। साथ ही नक्सलियों से अपील की कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करें और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए मुख्यधारा से जुड़ें।